प्रेस नोट – 19-10-2023

नवीन एवं नवीकरणीय ऊर्जा क्षेत्र में लगभग सात लाख करोड़ रूपये के निवेश प्रस्ताव यूपीनेडा को प्राप्त हुए हैं। इसमें से लगभग 57 हजार करोड़ रूपये के निवेश प्रस्ताव उत्तर प्रदेश राज्य जैव ऊर्जा नीति–2022 के तहत बायो ऊर्जा क्षेत्र के हैं। कम्प्रेस्ड बायोगैस, बायो डीजल तथा बायोकोल के प्लांटों की स्थापना हेतु 354 निवेशकों ने अपनी परियोजनाओं की स्वीकृति के लिए यूपीनेडा के समक्ष अपना प्रस्ताव प्रस्तुत किया है। जिसमें से 80 परियोजनाओं को यूपीनेडा स्तर से सैद्धान्तिक स्वीकृति प्रदान की गई है। निवेशकर्ताओं द्वारा प्रस्तुत डी0पी0आर0 आदि सूचनाओं का परीक्षण कर यूपीनेडा द्वारा 20 प्रस्ताव आज दिनांक 19.10.2023 को अनुमोदन हेतु गठित राज्य स्तरीय समिति की बैठक में विचारार्थ प्रस्तुत किये गये।

उल्लेखनीय है कि जैव ऊर्जा की परियोजनाओं की स्वीकृति हेतु अपर मुख्य सचिव, अतिरिक्त ऊर्जा स्रोत विभाग, उ0प्र0 शासन की अध्यक्षता में समिति गठित है। सम्पन्न राज्य स्तरीय समिति की बैठक में जिन परियोजनाओं हेतु भूमि, बैंक लोन, फीड स्टॉक की उपलब्धता तथा ऑफटेक आदि से सम्बन्धित समस्त कार्यवाहियाँ निवेशकों द्वारा पूर्ण कर ली गयीं हैं, उन्हें स्वीकृति प्रदान की गई। इस संदर्भ में कम्प्रेस्ड बायोगैस तथा बायो डीजल के उत्पादन संयंत्रों की स्थापना हेतु निम्नानुसार 550 करोड़ के 12 प्रस्तावों को स्वीकृति प्रदान की गई है:–

S. No.	Company Name	Type of Plant	District	Tehsil Name	Plant Capacity (TPD/KLPD)	Project Cost (Cr.)
1	Carbon Circle Pvt. Ltd.	Compress Bio Gas	Bareilly	Bahedi	10	53
2	Anandmangal Infradevelopers Private Limited	Compress Bio Gas	Meerut	Sardhana	5.98	21.43
3	Ecotaras Sustainable Solutions P Ltd	Compress Bio Gas	Sitapur	Laharpur	5	31
4	Biospark Energy Private Limited	Compress Bio Gas	Muzaffar Nagar	Muzaffarnagar Sadar	4	8
5	Panchvati Foods	Compress Bio Gas	Raibareli	Maharaj Ganj	5	33.8
6	Adani Total Energies Biomass Limited	Compress Bio Gas	Mathura	Goverdhan	42.6	269
7	Matfusion Weld Private Ltd	Bio Diesel	Lucknow	Junabganj	24	3.38
8	M/S Mst Resolutions India Private Limited	Compress Bio Gas	Muzaffar Nagar	Muzaffarnagar Sadar	6.5	53.39
9	Jaivik Vikalp Urja Llp	Compress Bio Gas	Moradabad	Bilari	3	18.05
10	B. K. Investment Services Pvt. Ltd.	Compress Bio Gas	Saharanpur	Saharanpur Sadar	6	26.54
11	Sisodia Research Laboratories Private Limited	Bio Diesel	Lucknow	Malihabaad	20	4.63
12	Shree Shatakshi Bio-Tech Private Limited	Compress Bio Gas	Shamli	Shamli	5	28.43

उपरोक्त 12 परियोजनाओं से 93 टन प्रतिदिन सीवीजी तथा 44 किलो लीटर प्रतिदिन बायोडीजल का उत्पादन प्रदेश में सृजित होगा। बैठक में निवेशकर्ताओं द्वारा अवगत कराया गया कि उनके द्वारा प्लॉण्ट के उत्पादन संयंत्रों की स्थापना हेतु मौके पर

आवश्यक जमीन तथा पर्याप्त बायोमास की उपलब्ध सुनिश्चित कर ली गई है। वित्त पोषण के लिए भी विभिन्न बैंकों तथा अन्य संस्थाओं से भी सैद्धांतिक स्वीकृति प्राप्त कर ली गई है। इन संयंत्रों से उत्पादित होने वाले उत्पादों के आगामी विक्रय के लिए विभिन्न संस्थाओं से भी अनुबन्ध कर लिया गया है।

उल्लेखनीय है कि राज्य सरकार द्वारा पूर्व में 13 परियोजनाओं की स्वीकृति प्रदान की गई है, जिन पर आवश्यक निर्माण कार्य प्रारम्भ हो चुका है। इस प्रकार स्वीकृत कुल 25 प्रस्तावों से रू0 1271 करोड़ का निवेश होगा।

अपर मुख्य सचिव, अतिरिक्त ऊर्जा स्रोत विभाग, उ0प्र0 शासन द्वारा अवशेष निवेश प्रस्तावों का सम्यक् परीक्षण करने हेतु आवश्यक दिशा–निर्देश बैठक में उपस्थित अधिकारियों को दिये गये।

By Ajay Kumar-I

Scanned with OKEN Scann